हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पुष्पांजलि, ध्वज स्थापना, पौधरोपण और गरीबों को...



07 सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर का किया...



खबर संक्षेप

34 ग्राम पंचायतों में 200 किसानों की बनाई आईडी

विदिशा। सेवा सेतु अभियान के तहत किसानों को डिजिटल पहचान से जोड़ने के लिए गुलाबगंज तहसील की 34 ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए गए। इनमें 200 किसानों की फार्मर आईडी तैयार की गई। इन शिविरों में किसानों को फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया और उसके महत्व की जानकारी दी गई। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि सौजना, हथियाखेड़ा, गूलरखेड़ी, सुमेर बरी और वन जागीर सहित 34 ग्राम पंचायतों में कैंप लगाए गए। फार्मर आईडी से किसानों को शासकीय योजनाओं और कृषि सेवाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। इससे उन्हें आवश्यक कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर भी कम लगाने पड़ेंगे।

कुरवाई तहसील परिसर में किया पौधरोपण

कुरवाई। सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को कुरवाई तहसील परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार की उपस्थिति में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान के माध्यम से शासकीय सेवाओं के साथ सामाजिक सरोकारों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

छात्रावास में छात्राओं ने किया योगाभ्यास

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को विवेकानंद चौराह स्थित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में योगाभ्यास किया गया। छात्रावास की छात्राओं और अधीक्षिका नीलू नरवरिया ने भाग लिया। छात्राओं को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। साथ ही नियमित योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। अधीक्षिका नीलू नरवरिया ने छात्राओं को योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने इसे जीवनशैली अपनाने संकल्प लिया।

माहेश्वरी समाज ने लगाए 21 पौधे

विदिशा। जिला माहेश्वरी सभा द्वारा पितृजनों की स्मृति में रविवार को सावरकर बाल विहार में पौधरोपण किया। सुबह 9 बजे आयोजित कार्यक्रम में जिला सभा ने नगर सभा, महिला संगठन एवं युवा संगठन के सहयोग से ट्री गार्ड सहित 21 पौधे लगाए। समाजजनों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। माहेश्वरी समाज द्वारा शीघ्र ही बासौदा और शमशाबाद में भी पौधरोपण किए जाएंगे।

परिणाम : 54 वोटों से रीतेश अग्रवाल उपाध्यक्ष, 7 वोटों से जीतकर महेंद्र जैन महामंत्री बने

79 वोटों से अनाज तिलहन संघ का चुनाव जीतकर राधेश्याम माहेश्वरी पुनः अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ का त्रिवार्षिक निर्वाचन रविवार को पुरानी गल्लामंडी स्थित संघ कार्यालय में हुए। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुए मतदान में 3 रंगों के मतपत्र दिए गए।

अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमें से राधेश्याम माहेश्वरी को 182 वोट मिले और गजेंद्र रघुवंशी को 103 वोट मिले। 79 वोटों से जीतकर राधेश्याम माहेश्वरी पुनः अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष पद पर रीतेश अग्रवाल और यशवंत साहू आमने सामने थे। रीतेश को 168 और यशंवत को 114 वोट मिले। 54 वोटों से रीतेश अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर महेंद्र जैन को 144 और विवेक जैन कुमेड़िया को 137 वोट मिले। मात्र 7 वोटों से जीतकर महेंद्र जैन महामंत्री निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर सौमिल अग्रवाल को 127 और यश जैन को 151 वोट मिले। 24 वोटों से जीतकर यश जैन मंत्री निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए संजीव जैन और विजय अग्रवाल आमने सामने थे। संजीव को 144 और विजय को 138 वोट मिले। 6 वोटों से जीतकर संजीव जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। महासंघ प्रतिनिधि के पद पर खड़े 5 प्रत्याशियों में से 4 का चुनाव करना था। जिसमें विजय अग्रवाल को 138 मत मिलने से उन्हे हार का सामना करना पड़ा। निर्वाचित हुए शेष 4 प्रत्याशियों में से अमित उपाध्याय को 200, बृजेश जैन को 226, कुल्दीप गुप्ता को 175 और राकेश बंसल को 188 वोट मिले।



विदिशा। रात 8.30 बजे तक वोटों की गिनती के बाद चुनाव परिणाम जारी किए। निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत।

पहले ही डल गए थे छह टेंडर वोट

अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ कुल 300 मतदाता हैं जिनमें से 6 टेंडर वोट डाले गए थे। 294 मतदाताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया। मतदान केंद्र पर वोटिंग को लेकर पुख्ता व्यवस्थाएं की गईं थी। निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम के बाद नई टीम संघ में सुधार के कदम तलाशेगी। विकास की नई संभावनाओं पर काम की दिशा तय होगी। नीला मतपत्र अध्यक्ष और महामंत्री चुनने के लिए दिया गया। गुलाबी मतपत्र उपाध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए दिया गया। पीला मतपत्र व्यापार महासंघ के चार संचालकों के लिए था।

बेतवा के घाटों पर फैली गंदगी, एसडीएम बोले मशीनों से होगी सफाई

विदिशा। गणेश विसर्जन और दूसरे त्योहारों के बाद बेतवा नदी के घाटों पर निर्माल्य सामग्री, कपड़े और विसर्जित मूर्तियों के ढेर लगे हैं। नदी में पानी का स्तर कम होने से विसर्जित प्रतिमाएं अब बाहर दिखने लगी हैं। लोग इस गंदगी से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी बता रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना श्रमदान से नदी से मूर्तियां और दूसरा सामान निकालकर घाट पर इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन गंदगी अभी भी बनी हुई है। लोग यहां कपड़े और कचरा छोड़ जाते हैं। जिससे नहाने वालों को दिक्कत होती है। लोगों ने नगर पालिका से रोजाना सफाई की मांग की है। एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि दो दिन पहले ही घाटों पर सफाई हुई थी। पानी घटने से प्रतिमाएं बाहर दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि पानी और कम होने पर मशीनों से नदी की सफाई और गहरीकरण का काम किया जाएगा।



सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इंदौर के वैज्ञानिक दल ने सोयाबीन की फसल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

कृषि वैज्ञानिकों के दल द्वारा सोयाबीन फसल की वर्तमान स्थिति, कीट एवं रोग प्रकोप तथा फसल प्रबंधन संबंधी समस्याओं के निरीक्षण हेतु विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा विकासखंड ग्यारसपुर के ग्राम अंडियाकलां, गूलरखेड़ी, अटारीखेजड़ा, सुआखेड़ी, एवं चाठोली ग्रामों में सोयाबीन फसल की अलग अलग किस्मों का अवलोकन कर किसानों से फसल की स्थिति एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई।

भ्रमण दल में डॉ. संजीव कुमार, पादप रोग विशेषज्ञ ,डॉ. लोकेश मीणा, कीट विशेषज्ञ डॉ. अनिता राणा, तथा अक्षय उज्जवल कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र विदिशा शामिल रहे। भ्रमण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा सोयाबीन फसल में रोग, कीट प्रकोप, पौधों की वृद्धि एवं उत्पादन संबंधी विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण करते हुए कृषकों को आवश्यक तकनीकी सलाह एवं फसल प्रबंधन संबंधी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीडीए सचिन जैन, परियोजना संचालक आत्मा एलएस चारेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी रूपेश बघेल, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निशि जैन, कृषि विस्तार अधिकारी गोपाल बघेल एवं कृषि विस्तार अधिकारी चंद्रकांत सिलावट सहित क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित रहे।



विदिशा। खेतों में पहुंचकर जांच करते अधिकारी।

हजारों शिक्षक धरने में पहुंचकर हुए शामिल

विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले नीलम पार्क भोपाल में चल रहे धरने के आठवें दिन रविवार को सागर संभाग के हजारों अध्यापक शिक्षक शामिल हुए। संभाग के सभी जिलों के जिला संयोजक भूख हड़ताल पर बैठे। सोमवार को नर्मदापुरम संभाग के शिक्षक धरने में शामिल होंगे। संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ संयोजक मनोहर प्रसाद दुबे ने कहा कि शिक्षकों की मांगें जायज हैं और सरकार को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। प्रमुख मांगों में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, टीईटी के लिए अध्यादेश जारी कर केंद्र सरकार को भेजना और ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त करना शामिल है। जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि 6 अक्टूबर को भोपाल संभाग के शिक्षक धरने में शामिल होंगे।

सेवा सेतु अभियानः नपा परिसर में 25 विभागों के स्टॉल लगाए

शिविर में मौके पर मिला योजनाओं का लाभ दफ्तरों के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को नगर पालिका परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया गया। 'सरकार आपके द्वार' की तर्ज पर लगाए गए इस शिविर में करीब 25 विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना और संबल योजना सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य लोगों को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से राहत दिलाना और शासकीय सेवाओं का लाभ सीधे उन तक पहुंचाना है।

17 अक्टूबर तक चलेगा अभियानः एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि सेवा सेतु अभियान 17 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसके तहत 25 तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के दौरान अब तक 650 से अधिक यूनिट रक्तदान भी किया जा चुका है।

विदिशा। समस्याएं लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

सेवा सेतु शिविर में 232 आवेदनों का मौके पर ही किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|ग्यारसपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को आजीविका मिशन भवन में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों के 232 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर का उद्देश्य सरकार आपके द्वार की तर्ज पर ग्रामीणों, किसानों, श्रमिकों और वंचित परिवारों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह गुर्जर ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता के अनुभव साझा किए। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड और लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिपं सीईओ सुरभि तिवारी, जप सीईओ जितेंद्र जैन, तहसीलदार सुधीर शुक्ला आदि मौजूद रहे। वहीं, अवकाश के दिन ड्यूटी लगाए जाने से कुछ महिला कर्मचारियों में नाराजगी भी रही। उनका कहना है कि इससे घरेलू दायित्व और बच्चों की देखभाल प्रभावित होती है।

कलश यात्रा के साथ गौरी मंदिर में कथा शुरू

पितृपक्ष में नेमा परिवार कर रहा आयोजन, 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन होगी कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

पितृपक्ष के अवसर पर डंडापुरा स्थित गौरी मंदिर के पास संगीत में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

पहले दिन रविवार को नेमा समाज के हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें भगवान राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी सुसज्जित रथ पर विराजमान रही। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं। बैंड-बाजों के साथ निकली यात्रा कथा स्थल पर पहुंची, जहां विधि-विधान से देवी-देवताओं का आह्वान किया गया। कथा व्यास देश के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य एवं श्रीमद् भागवत के विद्वान आचार्य विष्णु प्रसाद शास्त्री महाराज प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक कथा का वाचन करेंगे। प्रथम दिन उन्होंने पंडित आत्मदेव की कथा के माध्यम से श्रीमद् भागवत के महात्म्य का वर्णन किया। कथा का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजन पूर्वजों की स्मृति में जनकल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। समिति ने धर्मप्रेमियों से कथा श्रवण कर पितरों की शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की है।



विदिशा। सिर पर कलश लेकर निकली महिलाएं।

अब तक शुरू नहीं हुई शहर से 200 अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

मुख्य मार्ग पर खड़े ठेले, पार्किंग के लिए नहीं जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

लंबे समय से शहर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई न होने के कारण लगातार स्थिति बिगड़ती जा रही है।

दुकानों का सामान दुकानों से सड़कों पर आता जा रहा है। वहीं शहर में जगह-जगह लगने वाले ठेलों की संख्या में भी बढ़ती जा रही है। पुरानी नपा के पास शाम होते ही वाहन खड़े करने के लिए जगह नहीं बचती। अस्थाई पार्किंग के गेट के सामने ही ठेले खड़े हो जाते हैं। हालांकि विगत दिनों हुई बैठक में शहर करीब 200 अतिक्रमण चिन्हित करने की बात कही गई थी। लेकिन इन्हे हटाने की कार्रवाई अभी तक शुरू नहीं की गई है।

इसी तरह रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर आधा दर्जन ठेले खड़े हो रहे हैं। जिससे 2 पहिया, 3 पहिया और 4 पहिया वाहन तक निकलने में परेशानी होती है। इसी तरह माधवगंज से हटाए गए फल सब्जी के ठेले भी फिर से वहीं लगने लगे हैं। चौड़ी सड़क होने के बाद भी ठेले वाले सिर्फ इतनी जगह छोड़ते हैं कि एक 4 पहिया वाहन ही निकल पाता है सामने से दूसरा वाहन आने पर दोनों फंस जाते हैं। इस सड़क के दोनों तरफ ठेले खड़े हो रहे हैं।

गांधीजी के विचार आज भी आधुनिक समाज के लिए प्रेरणास्तंभ

प्रेरणा-मंच का व्याख्यान पर्वः वक्ताओं ने सत्य अहिंसा, सत्याग्रह और जीवन मूल्यों पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में प्रेरणा-मंच की ओर से आईआईएचआरडी कॉलेज में व्याख्यान-पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

प्रदीप जैन पारस ने गांधीजी का प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' प्रस्तुत किया। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने कहा कि गांधीजी को जितना पढ़ा और समझा जाए, उनके व्यक्तित्व के नए आयाम सामने आते हैं। डॉ. रेखा श्रीवास्तव ने गांधीजी के जीवन मूल्यों, नशामुक्ति और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। नवनीता पांडेय ने गांधीजी के तीन बंदरों की उपयोगिता बताई, जबकि संतोष नामदेव ने गांधीजी को लिखे पत्र का वाचन किया।

मुख्य वक्ता गांधीवादी विचारक प्रो. अरविंद द्विवेदी ने गांधीजी को क्रांति और शांति का संगम बताया। प्राचार्य डॉ. रुद्रनारायण शुक्ल और डायरेक्टर संजय सिंह चौहान ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के महत्व पर विचार रखे। अध्यक्षता गोविंद देवलिया ने की। संचालन ऋतु देवलिया ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थी और प्राध्यापक मौजूद रहे।



विदिशा। आईआईएचआरडी कॉलेज में व्याख्यान-पर्व का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविरों में 1075 मरीजों की ओपीडी, 1000 आयुष्मान कार्ड बनाए

गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार पर जोर, 25 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी, एक ही स्थान पर मिलीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

जन सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत रविवार को जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। जिले में आयोजित शिविरों में कुल 1075 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की जांच, उपचार और हाई रिस्क मामलों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं, लगभग 1000 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य शिविरों में कुल 65 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन (एचबी) जांच की गई। इनमें हाई रिस्क और मॉडरेट एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को आयरन सुक्रोज दिया गया। इसके अलावा 6 हाई रिस्क पीआईएच गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन किया गया। तीन हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया गया। एक गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिला का उपचार किया गया, जबकि एक अन्य महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन दिया गया। शिविरों में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की 197 स्क्रीनिंग की गई और 12 बच्चों का टीकाकरण किया गया। दो प्रसूता महिलाओं को प्रसूति सहायता योजना के तहत चेक वितरित किए गए। आयुष सेवाओं के अंतर्गत 58 मरीजों का आयुर्वेदिक और 96 मरीजों का होम्योपैथिक पद्धति से उपचार किया गया। इसके साथ ही 4 किशोरी बालिकाओं की एचबी जांच भी की गई।



विदिशा। प्रमाणपत्र देते हुए अधिकारी।

दिव्यांग बच्चों को जारी किए प्रमाण-पत्र

शिविरों में 50 दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें जांच के बाद 25 बच्चों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, ताकि उन्हें शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके। जन सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ना है। शिविरों के माध्यम से मरीजों को जांच, उपचार, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श की सुविधाएं प्रदान की गईं।

खबर संक्षेप

डॉ. तिवारी सम्मानित

गंजबासौदा। विश्व प्रसिद्ध लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने आनंद योग के प्रणेता एवं भारतीय योग संसद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार तिवारी को लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान कर उनकी असाधारण सेवाओं को वैश्विक मान्यता दी है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक भव्य समारोह में गांधी जयंती के अवसर पर प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के इंटरनेशनल चेयरमैन इंडिया डॉ. अविनाश डी. साकुंडे एवं रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. मनीष शोभा शंकर राव गवई ने प्रदान किया। इस अवसर पर आचार्य लोकेश मुनि महाराज, मिस इंडिया मीनल राजपूत, आचार्य डॉ. संजय पी हर्षे , वज्र विद्या संस्थान वाराणसी के प्राचार्य डॉ. सोनम योंडेन गुरुंग, डॉ. कंचन वैद्य, राखी शर्मा सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिल्ली की प्रसिद्ध गायिका कृष्णा वर्मा ने किया।

कांग्रेस का ज्ञापन आज

गंजबासौदा। कांग्रेस के अभियान मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी के तहत युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अपूर्व जैन के नेतृत्व में सोमवार 5 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:30 बजे नगर में प्रशासनिक अव्यवस्था, अनियमितता और नागरिकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह प्रदर्शन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, भारतीय युवक कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी की मंशानुसार एवं पूर्व विधायक निशंक जैन के निर्देशन में किया जा रहा है। जिसमें उप ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पूर्व विधायक निशंक जैन के कार्यालय पर उपस्थित होने की अपील की है। जहां से रैली के रूप में सभी कांग्रेस जन तहसील पहुंचेंगे और ज्ञापन सौंपेंगे।

अज्ञात वृद्धा नदी में डूबी

गंजबासौदा। रविवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला गंज पुल से नदी में गिर गई। जिसे मछली पकडने वालों ने तत्काल पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना के बाद पुलिस ने शव बरामद कर उसे परीक्षण के लिए पहुंचाया और मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

पुष्पांजलि, ध्वज स्थापना, पौधरोपण और गरीबों को भोजन वितरण कर मनाई स्व. अनिल यादव की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







रविवार को वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरणविद, फिल्मकार स्व अनिल यादव की छठवीं पुण्यतिथि पूरे श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस मौके पर सुबह से लेकर देर शाम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर स्व अनिल यादव को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

यहां उल्लेखनीय है कि स्व अनिल यादव की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष उनके परिजनों, पत्रकारों, मित्रों और शुभचिंतकों द्वारा सेवाकार्य करते हुए मनाई जाती है। उनकी पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष श्मशान घाट की सफाई एवं रंगाई पुताई के साथ अन्य आयोजन किए जाते रहे हैं।

इस वर्ष भी पत्रकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्व अनिल यादव की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण और पुष्पांजलि देकर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, पंचतत्व अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, अनिल दाऊ फाउंडेशन के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अपने अपने संस्मरण साझा किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय यादव द्वारा अपने बडे भाई की पेंसिल से बनाई पेंटिंग अपनी भाभी शशि अनिल यादव को भेंट की। इसके बाद गोकुल धाम कॉलोनी में स्व अनिल यादव की स्मृति में बनवाए जा रहे मंदिर की ध्वज स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधि पूर्वक ध्वज स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर में विभिन्न किस्मों के दर्जन भर से अधिक पौधों का रोपण किया गया।

इसी क्रम में देर शाम मां अन्नपूर्णा सेवा समिति के माध्यम से स्व अनिल यादव के परिजनों और अनिल दाऊ फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर सुनील यादव, मनोज यादव, नितिन यादव, हिमांशु यादव, अनुज यादव, अमृतांशु यादव, तरू यादव, राजेन्द्र व्यास, ओपी चौरसिया, विजय अग्रवाल, दिनेश कंचन, गगन दुबे, सुरेन्द्र रघुवंशी सहित बडी संख्या में उनके परिजन, मित्र, शुभचिंतक, पत्रकार गण और नागरिक मौजूद रहे।

प्राचार्य, प्रधानाध्यापकों सहित प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ने सौंपे ज्ञापन

त्योंदा प्राचार्य के समर्थन में आगे आए शासकीय और निजी शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शासकीय उमावि त्योंदा के प्रभारी प्राचार्य अभय कुमार शर्मा के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई न करने, निष्पक्ष दंडाधिकारीय जांच कराने, शिक्षकों की विधिक सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा विद्यालय परिसर में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग के साथ सभी हाईस्कूल हायर सेकेंडरी शालाओं के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक व शिक्षक शिक्षिकाओं और प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा एक जुट होकर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन मे कहा गया है कि शासकीय उमावि त्योंदा के छात्र द्वारा घटित अत्यंत दुखद घटना तथा उसके बाद शिक्षकों एवं प्राचार्यों के समक्ष उत्पन्न गंभीर सुरक्षा व विधिक संकट की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं, विद्यालय में शैक्षणिक अनुशासन बनाए रखने, कक्षाओं के सुचारु संचालन तथा विद्यार्थियों में सद्गुणों व नैतिकता के विकास के उद्देश्य से प्रभारी प्राचार्य अभय कुमार शर्मा द्वारा संबंधित छात्र को सामान्य समझाइश दी गई थी। छात्र द्वारा आवेग में आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लेना अत्यंत हृदयविदारक व दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अपूरणीय क्षति के प्रति संपूर्ण शिक्षक समुदाय गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता है किंतु, कर्तव्य निर्वहन के दौरान सद्भावनापूर्वक दी गई समझाइश को किसी भी दृष्टि से दुर्भावनापूर्ण या आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न प्रकरणों में यह सुस्पष्ट सिद्धांत प्रतिपादित किया है कि किसी शिक्षक अथवा संस्था प्रमुख द्वारा अनुशासन बनाए रखने या शैक्षणिक सुधार के लिए छात्र को डांटना अथवा समझाना भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध नहीं बनता, जब तक कि शिक्षक की प्रत्यक्ष आपराधिक मंशा सिद्ध न हो। संस्था प्रमुख का प्राथमिक दायित्व अनुशासन स्थापित करना है। यदि सामान्य अनुशासनिक समझाइश पर भी शिक्षकों को आपराधिक मुकदमों और पुलिसिया कार्रवाई का भय रहेगा, तो विद्यालयों में व्यवस्था और शैक्षणिक वातावरण पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। हमारी प्रमुख मांगें हैं कि एकपक्षीय दंडात्मक कार्रवाई पर रोक, प्रभारी प्राचार्य अभय कुमार शर्मा के विरुद्ध किसी भी प्रकार की दंडात्मक, निलंबन अथवा आपराधिक कार्रवाई केवल बाहरी दबाव या आक्रोश में न की जाए। पहले उनका विधिवत पक्ष सुना जाए, यदि आवश्यक हो तो इस संपूर्ण घटनाक्रम की जांच हेतु जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक निष्पक्ष संयुक्त जांच समिति गठित की जाए, जो वस्तुनिष्ठ साक्ष्यों और परिस्थितियों का मूल्यांकन करे, विद्यालय परिसरों में अनाधिकृत प्रवेश पर वैधानिक रोक पर जिला दंडाधिकारी विदिशा के स्तर से स्पष्ट आदेश जारी किया जाए कि प्राचार्य की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी भी बाहरी या अनाधिकृत व्यक्ति, का विद्यालय परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। नियम का उल्लंघन करने वालों पर अनधिकार प्रवेश और शासकीय कार्य में बाधा डालने की धाराओं के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। सुना जाए एवं उक्त मांगों पर त्वरित प्रशासनिक आदेश जारी किया जाऐ। उधर प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ने भी इसी तरह की मांगों से भरा ज्ञापन सौंपा। जिससे पूरे मामले की जांच के लिए समिति गठित करने और जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की कार्रवाई न करने की मांग की गई है।

नपा ने लगाए रिपटा घाट के स्टापडेम के गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को बेतवा नदी में जलस्तर कम होने की जानकारी मिलते ही नपा प्रशासन ने बेतवा नदी के रिपटा घाट पर स्थित स्टापडेम के गेट लगवा दिए हैं। जिससे रिपटा घाट पर पर्याप्त पानी संचित होने लगेगा। साथ ही अब आगामी एक दो दिन में नौलखी घाट स्थित नपा के जलप्रदाय के लिए बनाए गए बैराज के भी गेट लगाए जाएंगे। जिससे पेयजल का पर्याप्त संग्रहण हो सके। यहां उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कम बारिश के कारण नदियों,जलाशयों में कम पानी आया है। अब बारिश थमने के बाद से ही नदियों का बहाव भी दिन प्रतिदिन धीमा होता जा रहा है। रिपटा घाट के स्टापडेम के भी गेट खुले रहने से रिपटा घाट पर पानी कम होने लगा था। इस संबंध में सुबह तर्पण करने वाले श्रद्धालुओं ने नपा प्रशासन को सूचित किया, जिसके बाद नपा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोपहर में ही स्टापडेम के सभी 8 गेट लगवा दिए। जिससे अब रिपटा घाट पर पर्याप्त पानी संचित हो सकेगा। वहीं रिपटा घाट से ऊपर की ओर नपा द्वारा वर्ष भर जलप्रदाय के लिए बैराज बनाकर भी पानी संचित किया जाता है। नपा के जल शाखा प्रभारी सुनील यादव के अनुसार आगामी एक दो दिनों में बैराज के भी गेट लगाए जाएंगे।



अंडर-17 और अंडर 14 क्रिकेट टीम में गंज बासौदा के खिलाड़ियों का संभाग स्तर पर चयन



गंज बासौदा। नगर के अंडर 17 आयु वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ी शुभ दीक्षित, यथार्थ साहू, ऋषि यादव, राजीव योगेश सिलावट, अंजिस्ट सेन, समीर मीणा और ओम्कारेश्वर गोस्वामी एवं अंडर 14 आयु वर्ग में चेतन्य तिवारी पुत्र स्व. कपिल तिवारी, शिव रघुवंशी, पनव राठौर, राघव रघुवंशी , तर्श पाण्डेय और ज़ीशान अली का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन से परिवार सहित एसएस क्रिकेट अकादमी और विद्यालय में खुशी का माहौल है। ज्ञात हो कि विगत दिनों एसएटीआई कॉलेज ग्राउंड में अंडर-17 और अंडर 14 के खिलाड़ियों के संभाग स्तरीय चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए गए थे। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर गंज बासौदा के खिलाडियों का चयन संभाग स्तर के लिए किया गया। इन खिलाड़ियों के चयन पर परिवारजनों सहित क्रिकेट अकादमी के अनय शर्मा, समस्त विद्यालयों के प्राचार्य, पीटीआई एवं स्टॉफ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

हितग्राहियों को मिला लाभ, 600 आवेदनों का हुआ मौके पर निराकरण



गंजबासौदा। सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार व मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत मानस भवन, में रविवार को शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर कृषकों, ग्रामीणजनों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचितों और कमजोर वर्गों को शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की विवशता से पूर्णतः मुक्त करना है। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त फ्लैगशिप हितग्राही मूलक योजनाओं तथा राजस्व विभाग की नागरिक सेवाओं के लाभ मौके पर ही स्वीकृत/प्रदान किये गये। शिविर में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित कासवानी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, एसडीएम अनुभा जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, नगरीय प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्योग, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कौशल विकास व उद्यमिता, ऊर्जा, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्कूल शिक्षा इत्यादि विभागों की योजनाओं के तहत लगभग 50 हितग्राहियों को मंच से हितलाभ वितरण किये गये। जिसमें नगर पालिका व ग्रामीण क्षेत्र के 806 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 600 का निराकरण मौके पर किया गया है एवं शेष आवेदन पत्रों पर कार्रवाई गतिशील है।

मां की आज्ञा मानने वाला पुत्र हर चीज प्राप्त कर सकता है



गंजबासौदा। महात्मा गांधी वार्ड नंबर 17 पंडापुरा गोपाल मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने बताया कि ध्रुव जी छोटी अवस्था से अपनी मां के आज्ञाकारी पुत्र रहे। मां की आज्ञा मानने वाला संसार का कोई भी पुत्र हो वह हर चीज प्राप्त कर सकता है। संसार की चीजों से ही अभिप्राय नहीं है भगवान तक को प्राप्त किया जा सकता है। प्रहलाद चरित्र सुनाते हुए कथा वाचक ने बताया जीवन का लक्ष्य ही प्रभु प्राप्ति है जिसका लक्ष्य श्रेष्ठ है वही प्रभु को प्राप्त कर सकता है। शुभ विवाह प्रसंग पर उन्होंने माता सती के त्याग, भगवान शिव के तांडव, 51 शक्तिपीठों की स्थापना और माता पार्वती के रूप में उनके पुनर्जन्म का प्रसंग सुनाया। इसके बाद कामदेव की ओर से भगवान शिव की तपस्या भंग करने और उनके तीसरे नेत्र से कामदेव के भस्म होने का प्रसंग भी सुनाया गया। पंडित ऐलिया ने कहा कि विकारों पर विजय प्राप्त करने के बाद ही सच्चे प्रेम की अनुभूति संभव है। उन्होंने माता पार्वती की कठोर तपस्या का वर्णन करते हुए कहा कि उनका दृढ़ संकल्प त्याग, तप और नारी शक्ति की प्रेरणा देता है। शास्त्री ने कहा कि शिव-पार्वती विवाह वैराग्य और गृहस्थ जीवन के समन्वय का संदेश देता है। पति-पत्नी में प्रेम, सम्मान और त्याग हो तो घर भी कैलाश के समान बन सकता है। मुख्य यजमान विष्णु नारायण, सुबोध, विकास, सरोज माथुर ,शशि, श्रुति ,रिचा अन्य भक्तों सहित कथा में उपस्थित रहे।

कथा में पं केशव गुरू ने बताया श्राद्ध का महत्व

संतान और संपत्ति पितरों की कृपा से ही मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वार्ड क्रमांक 17, 18 में पितृ पक्ष में चल रही भागवत कथा के सप्तम दिवस में केशव गुरु ने श्राद्ध का महत्व बताते हुए कहा कि जो मनुष्य अपने वैभव के अनुसार विधिपूर्वक तर्पण श्राद्ध करता है वह अपने पितरों को ही नहीं अपितु ब्रह्मा से लेकर समस्त प्राणियों को प्राप्त करता है। ब्रह्म पुराण के वचन का आधार मानकर व्यवहारिक दृष्टिकोण से आधुनिक युग में मनुष्य गोत्र तो भूल ही गए हैं, साथ में अपने दादा परदादा का नाम भी विस्मृत करते जा रहे हैं। श्रद्धा के महत्व से वर्ष में एक बार पितृ पक्ष में तर्पण के माध्यम से दादा-दादी, परदादा परदादी के नाम उच्चारण की यह परंपरा बच्चों को ज्ञात बनी रहती है। धार्मिक दृष्टिकोण से देखें तो प्रत्येक मनुष्य देव, ऋषि, पितृ ऋण से बंधा है जो समुचित उन्नति और विकास में बाधक होते हैं। तर्पण श्राद्ध से पितृ ऋण से मुक्त होने पर उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। तर्पण का जल पितरों तक सूक्ष्म रूप से पहुंचता है जैसे सूर्य ताप से जल सूक्ष्म बनकर बादल बनता है, इसी प्रकार नाम गोत्र द्वारा दिया जल भी पितरों तक पहुंच जाता है और घर में सुख समृद्धि को देता है। क्योंकि बिना पितरों की कृपा के कोई भी कार्य संपन्न नहीं होता। इसी प्रकार कृष्ण जन्म में भी आपने बताया की नंद बाबा ने भगवान के जन्म उत्सव पर पितरों का पूजन संपन्न किया, क्योंकि संतान और संपत्ति यह सब पितरों की ही कृपा से प्राप्त होती है साथ में कथा को गति देते हुए आपने भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए गिर्राज पूजन संपन्न कराया। साथ ही सभी भक्तों ने गिर्राज भगवान के स्वरूप के दर्शन किए। साथ ही आरती संपन्न हुई और सभी भक्तों ने 56 भोग की प्रसादी का आनंद लिया। यहां उल्लेखनीय है कि यह आयोजन पूर्व विधायक डॉ रामनारायण तेनगुरिया की स्मृति में उनके पुत्र मयंक तेनगुरिया द्वारा आयोजित कराया जा रहा है।

महमूदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



गंजबासौदा। समीपस्थ ग्राम महमूदा में युवाओं के सक्रिय सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन एक संस्थान एवं फाउंडेशन के सहयोग से संचालित संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। जिसमे 203 लोगो के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें शिविर में सामान्य ओपीडी, बच्चों की जांच, आंख एवं हड्डी की जांच, मोतियाबिंद की पहचान, ईसीजी, SGOT, SGPT, Widal, Uric, Acid, BP, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ANC एवं PNC जांच सहित सर्दी-खांसी, बुखार, कान की समस्या एवं एलर्जी जैसी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉ. योगेंद्र भूरिया ने मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। साथ ही HPV, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित कर ग्रामीणों को बीमारी से बचाव एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। डॉ योगेंद्र भूरिया, टीम जिला समन्वयक बुलबुल मौर्य, रोहित विश्वकर्मा, सोना पंथी, पायल सोनी, राहुल नामदेव और आशा कार्यकर्ता सविता अहिरवार उपस्थित रहे। युवाओं की सहभागिता से आयोजित इस पहल ने ग्रामीण समुदाय तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत किया।

सिद्धेश्वर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



हिन्दू चेतना सेवा समिति द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत हनुमान चालीसा पाठ के 149 वें चरण का आयोजन श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, तहसील परिसर के सामने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश की वंदना से हुआ। इसके पश्चात श्री रामचंद्र जी की स्तुति की गई तथा श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत सात बार सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया। पाठ के पश्चात समिति के सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने समिति के अध्यक्ष राकेश रघुवंशी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम का समापन श्री सिद्धेश्वर माता की आरती एवं श्री हनुमान जी की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि इसका दुष्प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। नशे की आदत युवाओं की प्रतिभा, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन को प्रभावित कर उनके उज्ज्वल भविष्य के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर सकती है। हिन्दू चेतना सेवा समिति मंडल का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन करना नहीं, बल्कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, सेवा भावना और सकारात्मक सोच विकसित करना भी है। समिति का प्रयास है कि युवा अपनी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में लगाएं और नशे से दूर रहकर धर्म, आध्यात्म, संस्कार एवं समाजसेवा से जुड़ें। भगवान श्री हनुमान जी के जीवन से साहस, संयम, निष्ठा, सेवा और आत्मविश्वास की प्रेरणा लेकर युवा अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकते हैं। समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते हैं और समाज में नशा मुक्ति एवं संस्कार का संदेश पहुंचाते हैं। अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। समिति की ओर से आयोजन में सहयोग करने वाले सभी हिंदू वीरों, श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

सरकार आपके द्वार के तहत योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ लंबित शिकायतों का किया निराकरण

सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर का किया आयोजन, पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सहज और समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' अंतर्गत आजीविका मिशन भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने के साथ लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

शिविर के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के लिए पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में योजनाओं से वंचित एवं छूटे हुए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर मौके पर ही नवीन आवेदनों की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 15 तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के 13 नवीन आवेदन प्राप्त हुए।



संबंधित हितग्राहियों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की गई।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने



वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष मन मोहन साहू एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। अधिकारियों ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित करना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

पूनम श्रीवास्तव को मिला सम्मान पत्र

सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत आयोजित ग्रामीण एवं नगर खंड स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं सक्रिय सहभागिता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूनम श्रीवास्तव को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनहितकारी सेवाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किए गए कार्यों की सराहना की गई। श्रीमति पूनम श्रीवास्तव को सम्मान पत्र प्रदान किए जाने पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास अधिकारी एमा बेला सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की समस्त पर्यवेक्षक एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर के माध्यम से विभाग ने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने, लंबित शिकायतों के निराकरण तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में कार्रवाई की।

जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा निकाली

श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती उतारकर किया स्वागत मंदिर में हुआ तिलक महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रविवार को तारण समाज द्वारा धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुबह करीब 10 बजे जामा मस्जिद पुलिस चौकी से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लगभग 11:50 बजे तारण समाज मंदिर कस्टम पहुंची। शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा में धर्मग्रंथों को आकर्षक ढंग से सजाई गई पालकी में विराजमान कर शामिल किया गया। तारण समाज के महिला, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में श्रद्धापूर्वक शोभायात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालु धार्मिक भावनाओं के साथ जिनवाणी की पालकी के साथ चल रहे थे। इस दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। शोभायात्रा के नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरने के दौरान जगह-जगह लोगों ने जिनवाणी की पालकी की आरती उतारकर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने पालकी के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। आयोजन में सिरोंज जैन समाज के लोगों ने भी सहभागिता करते हुए तारण समाजजनों का उत्साह बढ़ाया। तारण समाज मंदिर कस्टम पहुंचने के बाद विधि-विधान के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर परिसर में ग्रंथाधिराज तिलक महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान धर्मग्रंथों की पूजा-अर्चना की गई और जिनवाणी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। इस अवसर पर समाजजनों ने कहा कि जिनवाणी की पालकी शोभायात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, संस्कार और आपसी एकता को बढ़ावा मिलता है। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की मौजूदगी से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

खुरई विधानसभा क्षेत्र में आज से शुरू होगी 'भूपेन्द्र भैया हेल्प लाइन सेवा'

सागर। पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की जनहित से जुड़ी समस्याओं के निराकरण और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'भूपेन्द्र भैया हेल्प लाइन सेवा' शुरू की जा रही है। यह हेल्प लाइन सेवा 5 अक्टूबर से प्रारंभ होगी और प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक संचालित की जाएगी। खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक जनहित से संबंधित अपनी समस्याओं, आवश्यकताओं अथवा अन्य मामलों के संबंध में हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर सकेंगे। इस सेवा के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अपनी समस्याएं सीधे संबंधित स्तर तक पहुंचाने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक सहयोग प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। हेल्प लाइन सेवा की मॉनिटरिंग विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा की जाएगी। इससे क्षेत्रवासियों की समस्याओं पर प्रभावी ढंग से नजर रखने और उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। खुरई विधानसभा क्षेत्र के नागरिक 'भूपेन्द्र भैया हेल्प लाइन सेवा' के हेल्प लाइन नंबर 9228036582 पर प्रातः 9 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

वृद्धाश्रम में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत कार्यक्रम

सागर। मध्यप्रदेश शासन के 'सेवा संकल्प अभियान-2026' के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में 'सेवा मेरा योगदान' पहल के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं उपस्थितजनों ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव सुने तथा फल, पौष्टिक भोजन और दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की।



गढ़ाकोटा में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में 8 मेधावी विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

गढ़ाकोटा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा द्वारा सुशीला भार्गव मंगल पैलेस में 'सेवा सेतु शिविर-सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और पात्र हित ग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया। कार्यक्रम में श्रम, विद्युत, सामाजिक न्याय, वित्त, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, कृषि, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के स्टॉल लगाए गए। नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन भी प्रस्तुत किए।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 8 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी की चाबी प्रदान की गई।

कैलाश यादव पहलवान के निधन पर शोक सामाजिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि



सिरोंज। नगर के भगवान सिंह यादव के छोटे भाई एवं बलजीत यादव, रंजीत यादव, संतोष यादव, गोलू यादव, शेखर यादव और दीपक यादव के पिता कैलाश यादव पहलवान का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार सहित परिचितों, मित्रों एवं नगरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। कैलाश यादव पहलवान के निधन की सूचना मिलते ही नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, डॉ. राजीव जैन बंटी, सौरभ जैन गुलाबगंज सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने कैलाश यादव पहलवान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि कैलाश यादव पहलवान का आकस्मिक निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से परिजनों एवं शुभचिंतकों को गहरा आघात पहुंचा है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, परिचित एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



सागर में अग्निवीर भर्ती रैली जारी, चौथे दिन 575 अभ्यर्थी अगले चरण के लिए चयनित

सागर। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में आयोजित वार्षिक अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन 814 अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी प्रतिस्पर्धा एवं निर्धारित शारीरिक मानकों के बीच 575 अभ्यर्थियों ने सफलतापूर्वक दौड़ पूरी कर अगले चरण में प्रवेश किया। भर्ती रैली 1 से 14 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के आगामी चरणों से गुजरना होगा, जिसमें शारीरिक प्रवीणता परीक्षण, शारीरिक मापदंड, बायोमेट्रिक एवं दस्तावेज सत्यापन तथा मेडिकल जांच शामिल है। अभ्यर्थियों में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। सागर सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की आवागमन सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। ट्रेन क्रमांक 01711 मकरोनिया से मुरैना शाम 6 बजे, 01832 मकरोनिया से मुरैना सुबह 2:15 बजे तथा 01834 मकरोनिया से भिंड सुबह 3:15 बजे रवाना होगी। समय-सारणी में परिवर्तन की स्थिति में आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करने और यात्रा के दौरान आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की गई है। सागर जिला प्रशासन और सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर के समन्वय से भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि भर्ती पूरी तरह निष्पक्ष एवं योग्यता के आधार पर होती है। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति, दलाल या असामाजिक तत्व के बहकावे में न आएं।



सेवा सेतु अभियान में उमड़ा जनसैलाब, नगर स्तरीय शिविर में 135 आवेदन प्राप्त हुए

देवरी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने एवं नगरवासियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से रविवार, 4 अक्टूबर को "सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार" के अंतर्गत नगर स्तरीय शिविर का आयोजन रैन बसेरा, झुनकु वार्ड में किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से सैकड़ों की संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ शिविर शाम 5:30 बजे तक चला। इस दौरान नगरवासियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं, सुविधाओं एवं नागरिक समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। शिविर में 135 आवेदन नगर पालिका को प्राप्त हुए, जिन पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। वहीं पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए, जिससे हितग्राहियों में खुशी देखने को मिली। शिविर के दौरान नगरवासियों की समस्याओं को सुनने के साथ ही उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण के पांचवें सत्र का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार आपदा मित्र वालेंटियर्स के प्रशिक्षण का पांचवां सत्र 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 आपदा मित्र वालेंटियर्स ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी, सागर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद विश्व विद्यालय के कुलपति एवं संस्थापक डॉ. अनिल तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि भारतीय स्त्री शक्ति मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा तिवारी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा मित्रों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं तथा उनके प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों और आपदा मित्रों से संबंधित दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण अवधि में आपदा मित्रों के कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां, आपदा प्रबंधन, बाढ़, भूकंप, अग्नि आपदा, सर्पदंश प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, इम्प्रोवाइज्ड राफ्ट, अग्नि शमन उपकरणों का प्रयोग, ध्वस्त ढांचे में खोज एवं बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार, घायलों का परिवहन, सीपीआर, आकस्मिक सेवाएं, रासायनिक आपदा, जैविक आपदा एवं नाभिकीय आपदा सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत सैद्धांतिक एवं आवश्यक प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने आपदा मित्रों के कर्तव्यों एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला। राजेश मिश्रा, सिविल डिफेंस डिवीजन वार्डन, मनीष दुबे, निदेशक, फायर विभाग, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय तथा अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्नि प्रशिक्षक ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों को मूल विभाग भेजने का निर्णय, कर्मचारी संघों ने जताया आभार

सागर। नगर निगम में प्रतिनियुक्ति एवं स्थानांतरण पर पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को उनके मूल विभाग अथवा निकाय में वापस भेजने के निर्णय पर कर्मचारी संघों ने महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री का आभार जताया है। मध्यप्रदेश नगर निगम/नगर पालिका कर्मचारी संघ, नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ एवं सफाई कामगार यूनियन सहित अन्य संघों द्वारा इस संबंध में ज्ञापन दिए गए थे। गठित समिति के प्रतिवेदन के आधार पर एमआईसी ने प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ कर्मचारियों को मूल विभाग में वापस भेजने का निर्णय लिया है।कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने बताया कि वर्तमान में अन्य विभागों एवं निकायों के करीब 40 अधिकारी-कर्मचारी निगम में कार्यरत हैं, जिनके वेतन-भत्तों पर निगम को प्रतिमाह करीब 25 से 30 लाख रुपए का वित्तीय भार उठाना पड़ रहा है। निगम की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए एमआईसी ने इन्हें तत्काल एकपक्षीय रूप से कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया है। संघों ने निर्णय को निगम और कर्मचारियों के हित में बताया।

बच्चों ने परिवार से समुदाय तक पहुंचाया नशामुक्ति का संदेश

सागर। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांदीपनि विद्यालय प्राथमिक विभाग, राहतगढ़ में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों ने परिवार में नशे की स्थिति जानने के लिए सरल सर्वे किया और नशे के दुष्परिणामों से दूर रहने का संकल्प लिया।

सेवा सेतु अभियान में विधायक बोले: योजनाओं का लाभ नहीं मिलने वाला व्यक्ति बताओ मैं उसे 9176 रुपए दूंगा

कुरवाई में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित, हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को कुरवाई नगर परिषद परिसर में सेवा सेतु अभियान के तहत खंड स्तरीय 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

विधायक सप्रे ने मंच से कहा कि पूरे देश और प्रदेश में ऐसा एक व्यक्ति ढूंढकर लाओ, जिसे शासन की किसी योजना का लाभ नहीं मिला हो, उसे वे 9176 रुपए नगद देंगे। उनका यह बयान कार्यक्रम में चर्चा का विषय रहा। उन्होंने कहा कि 'सरकार आपके द्वार' अभियान का उद्देश्य पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। इसके लिए अधिकारी भी लोगों के बीच पहुंचकर सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में समूह से जुड़ी अंबिका गोर और आसमा खान ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि किस तरह शासन की योजनाओं का लाभ लेकर वे समूह से जुड़ीं और आत्मनिर्भर बनीं। अब वे अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाने में सहयोग कर रही हैं। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम मोतीलाल अहिरवार, तहसीलदार संदीप शर्मा, विधानसभा संयोजक विनोद जैन, ओमप्रकाश आर्य, रजनीश साहू, एल्डरमेन वरुण चौबे और बीएमओ डॉ. राधेश्याम रघुवंशी मौजूद रहे। संचालन शिक्षक प्रमोद चौहान ने किया और आभार सीएमओ गीता मांझी ने माना। नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। वहीं, पंडाल में हितग्राहियों के लिए हवा और पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

Office of the Principal Govt. Lal Bahadur Shastri P.G. College, Bamora Road Sironj (M.P.)

Online tender/ bid are invited for the following Stationery Items Suppler, Trader, Publisher, Manufacturer and Firms who has fulfill the Eligibility Criteria

Notice Inviting E-Tender

S.No.	System tender no.	Name of Work	EMD (In Rs.)	Period of Contract
1.	2026_HED_539615	Purchase of stationery Items for the Students of SC/ST Category to financial year 2026-27.	10000.00	Till 31/03/2027

1. Interested bidders can view the detailed NIT on website http://www.mptenders.gov.in
2. The bid document can be purchased, Download and submission of bid online from 01/10/2026 at 10:30 Hrs to 21/10/2026 till 17:00 Hrs
3 Bid Opening Online Envelope A (Technical Bid) 23/10/2026 At 12:00 Hrs, Envelope C (Financial Bid) will be open after finalized of technical evaluation.
4. Amendment of NIT if any would be published on website only and not in newspapers.

Principal
Govt. L.B.S. College
Sironj. Vidisha M.P.

मौसमी बीमारियों का कहर, 30 दिन में 12,536 मरीज इलाज कराने पहुंचे जिला अस्पताल

रोजाना 850 से 900 मरीजों की भीड़ ओपीडी में, बच्चे व बुजुर्ग सबसे ज्यादा चपेट में आ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन।

बारिश थमने के बाद मौसम में आए बदलाव ने रायसेन शहर सहित समूचे जिले में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ा दिया है। शहर से लेकर गांवों कस्बाई इलाको तक सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, खांसी, टायफाइड और पेट दर्द पीलिया खुजली के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हालात यह हैं कि जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। जिला अस्पताल में आलम यह है कि कभी 850,900 ओपीडी में मरीजों की भीड़ तो कभी थोड़ी कम होती है। पिछले सितंबर माह में ही 12,336 मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक वर्तमान में प्रतिदिन 750 से 800 मरीज ओपीडी में पहुंच रहे हैं। इनमें 60 फीसदी से अधिक मरीज मौसमी बीमारियों से पीड़ित बताए जा रहे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों की कमी मरीजों की परेशानी बढ़ा रही है। जिला अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ यशपाल सिंह बाल्यान, डॉ एमएल अहिरवार डॉ सौरभ जैन ने बताया कि मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव और बारिश के बाद तेज धूप के चलते वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। शहर के कई इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों कस्बों केतक घर-घर में लोग बुखार, खांसी और सर्दी-जुकाम टायफाइड पीलिया से परेशान हैं। जिला अस्पताल में सुबह से ही पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टरों के कक्ष तक मरीजों की भीड़ दिखाई दे रही है। ओपीडी में बढ़ते दबाव के कारण मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। सितंबर में मरीजों की संख्या पिछले तीन महीनों में सबसे अधिक दर्ज की गई है।

डॉक्टरों की कमी से सोनोग्राफी और सर्जरी के लिए भटक रहे मरीज



बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा चपेट में

जिले के सांची दीवानगंज नकतरा सलामतपुर नरवर देवनगर क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। इनमें बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी के कारण पेट दर्द, उल्टी दस्त और वायरल बुखार जैसी शिकायतें भी बढ़ रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैलता है। ऐसे में लापरवाही बरतने पर बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो कई दिनों से वायरल बुखार और टाइफाइड से आई कमजोरी से परेशान हैं।

डॉक्टरों के इंतजार में मरीज, जांच और सर्जरी पर भी संकट

एक तरफ मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं दूसरी तरफ जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। अस्पताल में लंबे समय से रेडियोलॉजिस्ट जैसे महत्वपूर्ण पद रिक्त हैं। रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से रोजाना 40 से 50 मरीजों की सोनोग्राफी और जांच संबंधी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी और शाम और रात के वक्त एनेस्थीसिया के डॉक्टरों की कमी बरकरार चलते सर्जरी के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। कई मरीजों को जांच और बेहतर उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। क्योंकि जिला अस्पताल में डॉ अनिल ओढ़ को सिविल सर्जन बना दिया गया है। वहीं शल्य चिकित्सक डॉ दिनेश खत्री को सीएमएचओ का प्रभार दे दिया गया है। कई मरीजों को जांच और बेहतर उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है।

ओपीडी में मरीजों की संख्या ने बढ़ाया दबाव

जिला अस्पताल में सितंबर के अंतिम सप्ताह और अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में मरीजों की संख्या में लगातार उतार-चढ़ाव के बीच कई दिनों में भारी भीड़ रही।

तारीख ओपीडी में पहुंचे मरीज

25 सितंबर 1411 अक्टूबर 400
28 सितंबर को ओपीडी में 719 मरीज पहुंचे। जबकि पूरे सितंबर माह में 12,536 मरीजों ने जिला अस्पताल में उपचार कराया। वहीं अक्टूबर माह के पहले हफ्ते में 2025 बढ़ती मरीज संख्या के बीच स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखना अस्पताल प्रबंधन के लिए चुनौती बन गया है।

पर्याप्त दवाइयां रखने और उपचार व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध रखने और उपचार व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत है। मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर करना भी जरूरी है.ताकि जांच और ऑपरेशन के लिए मरीजों को परेशान न होना पड़े। समय पर उपचार, साफ पेयजल और बीमारियों के संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूकता ही मौसमी बीमारियों के बढ़ते खतरे को कम करने में मददगार हो सकती है।

इनका कहना है....

इस साल वायरल फीवर, दिमागी बुखार और टाइफाइड के लक्षण बदले हुए हैं। मरीजों को रिकवर होने में 20 से 30 रोज का समय लग रहा है। संक्रामक बीमारियों से बचें।

डॉ अनिल ओढ़ सिविल सर्जन जिला अस्पताल रायसेन

अब तक नहीं की बाघ के हमले की पुष्टि

जंगल में मवेशी चराने गया युवक जानवर के हमले गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रविवार को पूर्व वनरेंज बीट सर्किल के तहत जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम नयापुरा बीट गोंदरा में जंगल में अपने मवेशियों को चराने गए एक युवक पर हिंसक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में युवक गोलू गोंड घायल हो गया। युवक के अनुसार उस पर बाघ ने हमला किया है। घटना के बाद परिजन घायल युवक गोलू को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, वन विभाग की टीम ने फिलहाल बाघ के हमले की पुष्टि नहीं की है। वन महकमे के अधिकारियों का कहना है कि जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि युवक गोलू पर किस हिंसक जंगली जानवर ने हमला किया है। एसडीओ रजनीश कुमार शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार गोलू गोंड अपने मवेशियों को चराने के लिए जंगल में गया था। इसी दौरान अचानक एक हिंसक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। हमले से युवक घायल हो गया। घटना के बाद किसी तरह युवक अपने परिजनों तक पहुंचा और उन्हें पूरी जानकारी दी। जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज किया जा रहा है।

दो दिन में दो अलग अलग जगह हमले से दहशत

ओबेदुल्लागंज वन विभाग के वनरेंज चिलवाहा सहित जिले में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं लगातार सामने आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछले दो दिनों में अलग-अलग स्थानों पर बाघों द्वारा हमले की दो घटनाएं सामने आई हैं। अब नयापुरा बीट गोंदरा में युवक गोलू गोंड पर हुए हमले के बाद जंगल से लगे गांवों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। मवेशियों को चराने और अन्य कामों के लिए जंगल जाने वाले लोगों में भी भय बना हुआ है।

जांच के बाद स्पष्ट होगी हमलावर जानवर की पहचान

वन विभाग की टीम के अनुसार घायल युवक पर बाघ के हमले की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल घटनास्थल की जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही हमलावर जंगली जानवर की पहचान की जा सकेगी। जांच पूरी होने के बाद ही विभाग इसकी आधिकारिक पुष्टि कर पाएगा।

सेवा मेरा योगदान अभियान में वृद्धों की सेवा कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ, जिला रायसेन द्वारा प्रदेश संगठन के सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत रविवार को बरेली की समाजसेवी संस्था टीम पहल में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था में निवासरत वृद्धजनों (प्रभुजनों) को के भोजन प्रसादी कराई गई तथा उनके साथ आत्मीय समय बिताकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। जनप्रतिनिधियों, भाजपा संगठन पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ व्यापारियों ने सहभागिता कर सेवा एवं संवेदना का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, मंडल भाजपा अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, मंडल महामंत्री भरत शर्मा, नगर के पार्षदगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर के वरिष्ठ व्यापारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने वृद्धजनों के साथ भोजन कर उनके सुख-दुःख को जाना और कुछ समय उनके बीच आत्मीयता एवं अपनत्व के साथ बिताया। कार्यक्रम का वातावरण सेवा, स्नेह और संवेदना से ओतप्रोत रहा। संकल्प- सेवा मेरा योगदान जैसे अभियान समाज में सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू, पार्षद ठाकुर सिंह , राजेंद्र ठाकुर, रणधीर चौधरी, भरत शर्मा,पार्षद पूरन सिंह धाकड़, पार्षद पप्पू मेहरा आदि मौजूद रहे।

सरकार आपके द्वार का आयोजन में हितग्राहियों को वितरित किए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भोजपुर विधायक व पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष शममता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम में तहसीलदार दिनेश बरगले,सीएमओ ज्योति शिवहरे भी मौजूद रहीं। जुलेखा शाह, शुभम चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

सेवा सेतु अभियान में शिविर लगा, 190 हितग्राहियों को योजनाओं की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

शासन के निर्देशानुसार रविवार को नगर के गेंहूरास रोड स्थित कम्युनिटी हॉल में खंडस्तरीय ह्यसेवा सेतु अभियान - सरकार आपके द्वारह्ल मेगा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक प्रभुराम चौधरी (विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 142-साँची) रहे। उनके हाथों विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 190 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इन योजनाओं का मिला लाभ

- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आवासीय पट्टा
- लाड़ली लक्ष्मी योजना व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- वृद्धावस्था पेंशन योजना
- म.प्र. राज्य आजीविका मिशन एवं संबल योजना

इस मेगा शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की विशेष मौजूदगी रही। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हर्षल चौधरी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा सहित नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष, तमाम जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों में योजनाओं का लाभ लेने को लेकर काफी उत्साह देखा गया।

सेवा संकल्प व मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान

शिविर में नप ने 48 हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र सौंपे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सेवा संकल्प अभियान एवं मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत रविवार को विधानसभा मुख्यालय सिलवानी के जनपद पंचायत परिसर में शिविर आयोजित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह की विशेष उपस्थिति में आयोजित शिविर में नागरिकों को केंद्र व प्रदेश सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी बताई गई।

कार्यक्रम में नगर परिषद सिलवानी की ओर से 48 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इनमें पीएम स्वनिधि, पेंशन योजना, संबल योजना,पंजीयन पट्टाधृति 2.0 योजनाओं से संबंधित प्रकरण के स्वीकृति पत्र पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह एवं नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक ने हितग्राहियों को सौंपे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना है। पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहें, इसके लिए शिविरों के माध्यम से सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करें और हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने के साथ कृत्रिम अंग प्राप्त करने के लिए पंजीयन किया गया। शासकीय विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ की जानकारी नागरिकों को दी।

विधायक डॉ चौधरी ने नन्ही बच्ची को गोद में लेकर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ रायसेन में रविवार को दोपहर सेवा संकल्प अभियान के तहत भव्य सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद रायसेन द्वारा आयोजित इस शिविर में नगरीय क्षेत्र के सैकड़ों पात्र हितग्राहियों को एक ही छत के नीचे शासन की विभिन्न योजनाओं का फायदा दिया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में हितग्राहियों के चेहरे पर अपने जमीन के पट्टे का हक मिलने की खुशी साफ दिखाई दी। शिविर के दौरान सबसे बड़ा लाभ

रायसेन में सेवा सेतु शिविर में बरसे योजनाओं के लाभ

158 परिवारों को जमीन के पट्टे का हक, 177 को अपना आशियाना



आवास से जुड़ा रहा। नगर के 158 गरीब और भूमिहीन परिवारों को लंबे समय से प्रतीक्षित आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए गए। पट्टा मिलते ही कई परिवारों की आंखें नम हो गईं। वहीं 177 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नवीन आवास की स्वीकृति पत्र सौंपे गए। नपा के अधिकारियों ने बताया कि इन आवासों का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जाएगा। ताकि हर गरीब के सिर पर पक्की छत का सपना पूरा हो सके।

पीएम स्वनिधि से मिला रोजगार का सहारा-शिविर में रोजगार और स्वरोजगार पर भी विशेष फोकस रहा। पीएम स्वनिधि योजना के तहत छोटे फुटपाथ व्यवसायियों, ठेला-गुमटी लगाने वाले हितग्राहियों को बिना गारंटी के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इससे वे अपना व्यवसाय बढ़ा सकेंगे और आत्मनिर्भर बनेंगे। इसके अलावा जिला खाद्य विभाग द्वारा राशन पर्ची, जिला महिला एवं बाल विकास द्वारा लाड़ली लक्ष्मी और राजस्व विभाग से जुड़े आवेदनों का भी मौके पर ही निराकरण किया गया।

नगर में विभिन्न स्थानों पर हो रहा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पितृपक्ष के समाप्त होते ही शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू हो जाएगा। नगर में बाहर से आए एवं स्थानीय मूर्तिकारों द्वारा ऑर्डर पर छोटी बड़ी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण और अंतिम रूप दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। दो दर्जन सार्वजनिक स्थानो पर मां की प्रतिमा स्थापित करने झांकी बड़े पंडालो का निर्माण प्रारंभ हो गया है। भोपाल की नवाबी का अंत और भारतीय संघ में विलय के बाद नगर में 1954 में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि पर्व मनाने की शुरुआत हुई। आज के गांधी चबूतरा पर रामलीला का मंचन हुआ करता था और बड़ा बाजार में ही मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्रि पर मनाने के साथ पहले छींद धाम में बाद में आज के बाल विहार और धोखेड़ा के श्री राम जानकी मंदिर में दशहरा पर्व मनाने की परंपरा बनी रही।

अब नगर के साथ क्षेत्र के ग्रामों में भी मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर

शहर में अंतिम चरण में पहुंचा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण, साज-सज्जा में जुटे प्रतिमाकार

5 से 12 फीट तक की प्रतिमाएं हो रहीं तैयार,11 से शुरू होंगे शारदीय नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिनों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा पंडाल सजाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं, शहर के मूर्तिकार देवी दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं। कहीं देवी दुर्गा प्रतिमाओं पर रंग-रोगन का काम चल रहा है, तो कहीं मुकुट, आभूषण और अन्य



सजावटी सामग्री से उन्हें भव्य रूप दिया जा रहा है। इस बार शहर में 100 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर मां दुर्गा के मनमोहक पंडालों में महिषासुर मर्दनी के दरबार सजाए जाएंगे। 11 से 19 अक्टूबर तक चलने वाले शारदीय नवरात्र के त्यौहार को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर हैं। मूर्तिकारों की पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दुर्गा प्रतिमाओं को आकर्षक बनाने के लिए कलाकार बारीकी से रंगों और सजावटी सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। मूर्तिकारों के अनुसार, इस बार 5 से 12 फीट तक की मां दुर्गा की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। शारदीय नवरात्र पर्व नजदीक आने के साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं पर रंग-रोगन और फिनिशिंग का काम तेज हो गया है। शहर में मूर्तिकारों की पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अलग-अलग स्वरूप में तैयार किया जा रहा है। कहीं मिट्टी से बनी देवी दुर्गा की प्रतिमाओं को आकार दिया जा रहा है। तो कहीं आकर्षक डिजाइन और आधुनिक सजावटी सामग्री से दुर्गाजी प्रतिमाओं को भव्य बनाया जा रहा है। मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर महिषासुर मर्दनी की प्रतिमाओं को समय पर तैयार करने में जुटे हैं। देवी दुर्गा प्रतिमाओं की सुंदरता बढ़ाने के लिए रंगों के साथ आकर्षक वस्त्र, मुकुट, आभूषण और अन्य सजावटी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।

देवी दुर्गा के मंदिरों और पंडालों में भी शुरू हुई तैयारियां

शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मां दुर्गा माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, जिला अस्पताल स्थित माता वैष्णोरानी मंदिर और महामाई मंदिर दशहरा मैदान, खेड़ापति माता मंदिर मिश्र तालाब घाट, नौ देवी मंदिर मुखर्जीनगर, माता महाकाली मंदिर अवंतिका कॉलोनी,शीतला माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई, सजावट और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं।